## खबर संक्षेप

### जन स्वास्थ्य मंत्री गंगवा आज पानीपत में

**पानीपत।** राष्ट्रीय कुम्हार महासभा नया हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सतबीर सिंह प्रजापति ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 13 जुलाई को भिवानी में प्रदेश स्तरीय गुरू दक्ष महाराजा प्रजापति जयंती मनाई जा रही है। जिसका न्यौता देने के लिए प्रदेश के लोक निर्माण विभाग व जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा बुधवार को दोपहर एक बजे जीटी रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहुंच रहे हैं।

### चार जुआरी पकड़े, 57 हजार बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने जाटल रोड पुल के नीचे जुआ खेल रहे चार युवकों चांद पुत्र हवासिंह निवासी ब्राहमण माजरा, अमित पुत्र दलबीर निवासी आनंद विहार करनाल, अनिल पुत्र बलवंत निवासी वाल्मीकि बस्ती व हरिचंद पुत्र श्याम लाल निवासी जगजीवन राम कॉलोनी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 57 हजार 550 रूपए की नगदी बरामद हुई है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में गेम्बलिग एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### इनसो ने निगम की निंदा की

**पानीपत।** इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल ने नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की आड़ में गरीब रेहड़ी वालों व छोटे दुकानदारों को परेशान किए जाने की निंदा की है। छात्र नेता ने कहा कि अतिक्रमण हटाना गलत नहीं है लेकिन इसका तरीका भी गलत है शहर में जगह जगह अतिक्रमण है और इससे यातायात बाधित भी हो रहा है लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि ऐसा अतिक्रमण कोई एक दिन या एक घंटे में नहीं हुआ। अतिक्रमण क्यों हुआ, कैसे हुआ या किसके संरक्षण में हुआए इन सब पहलुओं पर विचार करते हुए ऐसा समाधान निकालना चाहिए कि अतिक्रमण भी हट जाए और गरीब रेहड़ी वाले व छोटे दुकानदारा परेशान भी न हो।

### रास्ता पूछने के बहाने दंपति के 30 हजार चोरी

**पानीपत।** पानीपत के ताऊ देवीलाल काम्पलेक्स के पास गोविंद लाल दीवान व इनकी पत्नी दुर्गा रानी निवासी महावीर कालोनी को तीन महिलाओं ने रास्ता पूछने के बहाने रोका था। इसके बाद महिलाओं ने उनके थैले पर काट मारकर 30 हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली। दंपति यह नगदी बैंक से निकाल कर अपने घर ले जा रहा था। इधर, सिटी थाना पुलिस ने दुर्गा रानी की शिकायत पर तीन अज्ञात महिलाओं पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब ठेके पर लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत के गांव खुखराना में शराब ठेके पर मारपीट कर लूट करने वाले दो और आरोपियों को सोमवार देर शाम को सीआईए थ्री पुलिस ने भालसी गांव के अड्डे से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान नारा गांव निवासी साहिल व वैसरी गांव निवासी अमन के रूप में हुई हैं। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में नारा गांव निवासी रामजस खर्ब की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नकदी व गहने चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने बिल्लू कॉलोनी स्थित घर से नकदी, चांदी व घरेलू सामान चोरी करने वाले शातिर चोर को सोमवार शाम को अनाज मंडी कट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अग्रसैन कॉलोनी निवासी सोनू के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि थाना तहसील कैंप में केस दर्ज है।

### मानवता भलाई अभियान आज से

**पानीपत।** सतगुरू दर्शन ट्रस्ट के सहयोग से हुडा सेक्टर 12 में विश्व स्तरीय निष्काम सेवा अभियान के तहत सेवा का कार्य शुरू किया। रशिम सपरा ने बताया कि संस्था द्वारा पुरा जुलाई के महीने में मानवता की भलाई के कार्य किए जाएंगे।

---

पानीपत में धूमधाम से मनाया गया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे

# सामाजिक व पेशेवर उत्तरदायित्वों को निभाने का संकल्प लेने दिन है सीए डे : मीनू

सीए सदस्यों के सम्मान समारोह, वृक्षारोपण अभियान, और सीए छात्रों द्वारा सांस्कृतिक व शैक्षणिक प्रस्तुतियां दी गई

- नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया
- सदस्यों व छात्रों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया



पानीपत। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर ध्वजारोण करते हुए अथितिगण आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पानीपत शाखा, एनआईआरसी द्वारा 77वां चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विवेक चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम पानीपत ने समारोह की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कुमार (ईटीवी), डॉ. अमित मलिक एवं डॉ. नरेंद्र अहलावत, उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके उपरांत सीए सदस्यों के सम्मान समारोह, वृक्षारोपण अभियान, और सीए छात्रों द्वारा सांस्कृतिक व शैक्षणिक प्रस्तुतियां दी गई। वहीं, विशेष आकर्षण रहा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, जिसे आर्टिओस अस्पताल टीम द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर में सदस्यों व छात्रों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इधर, शाखा अध्यक्ष सीए सोनू गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सीए डे केवल उत्सव का नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और पेशेवर उत्तरदायित्वों को निभाने का दिन है। यह आयोजन सीए पेशे की गरिमा और समाज में इसकी भूमिका को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। जबकि सीए विजय मित्तल को चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे में 25 वर्षों की उल्लेखनीय सेवा पूर्ण करने पर पानीपत शाखा द्वारा सम्मानित किया गया। शाखा ने उनके दीर्घकालिक योगदान और निष्ठा के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। इधर, मंच संचालन शाखा की सचिव सीए रजनी गोयल द्वारा किया गया, धन्यवाद प्रस्ताव शाखा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित ने प्रस्तुत किया। शाखा के अन्य सदस्य कोषाध्यक्ष जितेन्द्र बंगा, दीपक गोयल, सीए कंवरदीप ने अथितियो को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स विमल परुथी, जोगिंदर गाबा, वीरेंद्र गोयल, गोविंद सैनी, स्वाति मित्तल, विजय, जगदीश धमीजा, कृष्ण सेठी, मनोज गोयल, मुकेश मित्तल, शशि चड्ढा, विनोद भाटिया आदि उपस्थित रहे।

---



पानीपत में पौधा रोप कर वन उत्सव का शुभारंभ करते हुए रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया आदि।

## हरित भविष्य की ओर प्रतिबद्धता के साथ वन उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

वन महोत्सव के महत्व को स्वीकारते हुए एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने मंगलवार को वन महोत्सव समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप) चूरामन, कार्यकारी निदेशक (परियोजना) सीजीएम, जीएम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सप्ताह भर चलने वाले इस पर्यावरणीय उत्सव के अंतर्गत उद्घाटन समारोह में पौधों का रोपण किया गया। साथ ही, पीआरपीसी टाउनशिप में हरित आच्छादन को और अधिक समृद्ध करने के उद्देश्य से 2000 फलदार पौधों का रोपण व वितरण किया जाएगा। ये फलदार पौधे न केवल हरियाली को बढ़ावा देंगे, बल्कि पर्यावरण के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता और सामुदायिक स्वास्थ्य में भी सुधार लाएंगे।

इधर, अपने संबोधन में श्री डहरिया ने सभी कर्मचारियों और उपस्थित अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी जवान होने तक देखभाल करें।

---

## ट्रेनिंग से शिक्षण की गुणवत्ता में होता है सुधार : सुनीता

- न्यू ईरा स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए टीचर्स।

न्यू ईरा पब्लिक स्कूल गांव मतलौडा में मंगलवार को एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान शैक्षिक परिवेश की नवीन नीतियों, रूपरेखाओं एवं प्रभावशाली शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना था। वहीं, प्रशिक्षण का संचालन दो अनुभवी प्रशिक्षकों मीना कुमारी एवं आशु शर्मा द्वारा किया गया। इन्होंने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत लचीले, बहु-विषयक और कौशल आधारित शिक्षण की ओर प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा पर आधारित मूल्य-आधारित, समावेशी एवं बाल-केंद्रित शिक्षण में शिक्षकों की भूमिका पर गहन चर्चा की गई। समग्र प्रगति पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों के मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक विकास के निरंतर मूल्यांकन की प्रक्रिया को सरल और व्यावहारिक रूप से समझाया गया। पाठ योजना निर्माण के प्रभावी तरीकों को उदाहरणों एवं अभ्यासों के माध्यम से स्पष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त, कहानी, गतिविधि, प्रश्नोत्तर तथा तकनीकी सहयोग से जुड़ी नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों का अभ्यास भी शिक्षकों से करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी ने प्रशिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रशिक्षण शिविर निश्चित ही शिक्षण की गुणवत्ता को नई दिशा देंगे।

---

## देश, समाज, मानवता की सेवा करें युवा : गरगज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना



संत राजेंद्र सिंह आदि जत्थेदार कुलदीप सिंह गरगज का स्वागत करते हुए।

युवाओं को नशों से बच कर रहना चाहिए। नशा करने वाले युवाओं का जीवन नर्क बन जाता है। मां बाप को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों में अच्छे संस्कार ओर सेवा भावना ओर समाज सेवा को प्रोत्साहित करें। इसराना के खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में सालाना समागम में पहुंचे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति अकाल तख्त साहिब अमृतसर ओर तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज ने सालाना समागम में पहुंचे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुओं के बताएं धर्म के मार्ग पर चलें ओर नशों से दूर रहें। सालाना समागम में पानीपत से भाई नैरण सिंह साहिब गुरुद्वारा से पैदल दांडी जत्था यात्रा का इसराना पहुंचने पर फूलों से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर इसराना खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब के संत राजिंदर सिंह खालसा, खालसा दलविंदर सिंह, जितेन्द्र सिंह व गुरु दयाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

## उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन के स्वास्थ्य पखवाड़े का शुभारंभ



**पानीपत।** इंडियन ऑयल के उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन द्वारा मंगलवार को स्वच्छता पखवाडे का शुभारंभ किया गया। वहीं यह पखवाडा 15 जुलाई तक चलेगा। स्वच्छता पखवाड़े का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख शरद अग्रवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांव ददलाना में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलवाकर किया गया। इसके साथ ही सीएचसी से ही पौधारोपण अभियान चलाया गया और लगभग 200 छायादार, औषधीय और फलदार पौधे लगाए गए। शरद अग्रवाल ने कहा कि हमें महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए अपनी दैनिक दिनचर्या में से समय निकालकर प्रतिदिन अपने घर के आस-पास अपने कार्यालय और सामूहिक स्थानों पर सफाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददलाना में ऑपरेशन थियेटर शुरू करने का कार्य में हर संभव सहयोग करेंगे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जेके राय, विशाल गोरख, एचएस राय, राजेश कुमार, सुमन तुतु, हरपाल सिंह, रेनू रैना, संजय कुमार, डॉ.पवन कुमार, डॉ.नीरज शर्मा, डॉ.सुकरमपाल, दीपक राणा, चरणजीत राणा, सतबीर शर्मा, कश्मीरी लाल, मास्टर भगवान दास मौजूद रहे।

---

## पार्षद व भाजपा नेत्री ने डीसी को दी शिकायत, एसडीएम को जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



समालखा। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को शिकायत देते हुए पार्षद संजय गोयल।

मंगलवार को जिला ग्रीवेंस कमेटी की पहली बैठक हुई। जिसमें ग्रीवेंस कमेटी की सदस्या रेखा गोयल व उनके पति पार्षद संजय गोयल ने भी भाग लिया और अपने शहर की मुख्य समस्या के बारे में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को अवगत करवाया। वहीं, पार्षद संजय गोयल दी एक लिखित शिकायत में बताया कि वार्ड नंबर एक पड़ाव मोहल्ले में रजिस्ट्री और इंतकाल में काफी अंतर है। यदि किसी की रजिस्ट्री 100 गज की है तो इंतकाल 30-35 गज का है। इसके चलते लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को लोन व लिमिट लेने में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। गोयल दंपती ने डीसी डॉ वीरेंद्र से निवेदन किया कि है इस समस्या की जांच कर ठीक किया जाए यह समस्या लगभग पांच हजार लोगों की है। वहीं, डीसी डॉ दहिया ने इस समस्या के बारे में उपमंडल अधिकारी समालखा को संज्ञान लेने के लिए कहा गया। समालखा में नालियों की सफाई का मुद्दा भी उठाया।

---

## क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं विद्यार्थी: प्रो.मित्रा

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं अनुस्थापन पर राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम संपंन

**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र ने यूजीसी द्वारा प्रायोजित शैक्षणिक नेतृत्व और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विषय पर सात दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं अनुस्थापन कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कुलपति डॉ.देवव्रत मित्रा व मालवीय मिशन की निदेशक डॉ. शैफाली नागपाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने की। वहीं, डॉ शैफाली ने बताया कि इस शॉर्ट टर्म कोर्स में कौशल विकास, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, भारतीय ज्ञान प्रणाली और बहुभाषीवाद, अनुसंधान और समाज और अकादमिक नेतृत्व, शासन और प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। समापन सत्र के मुख्य अतिथि दक्षिण दीनाजपुर विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. देवव्रत मित्रा ने बताया की किस तरह एनईपी 2020 एक महत्वपूर्ण नीति है व विद्यार्थी अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा प्राप्त कर सकते है।

---

## पानीपत रिफाइनरी में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। स्वचछता जागरूकता वैन को रवाना करते हुए रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया, आदि। फोटो : हरिभूमि

इंडियन ऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने स्वच्छ भविष्य के लिए एकजुट प्रयासस्न विषय पर एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी के नेतृत्व में मंगलवार को स्वच्छता पखवाडे का शुभारंभ किया गया। वहीं, कार्यक्रम की शुरुआत श्री डहरिया द्वारा पानीपत रिफाइनरी प्रशासनिक भवन में सभी को स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलवाने के साथ हुई। इस अवसर पर अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप); चूरामन, कार्यकारी निदेशक, (परियोजना) पीआरपीसी के मुख्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी यूनियन एवं अधिकारी एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण व ठेकेदारों के कर्मचारी भी उपस्थित थे। वहीं, श्री डहरिया द्वारा जागरूकता संदेशों से सुसज्जित स्वच्छता जागरूकता रथ का झंडी दिखाकर अनावरण किया गया।

---

## समिति सदस्य सरकार की अहम कड़ी : भट्ट



**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को जिला कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्यों के साथ पहली बैठक करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने कहा कि सरकार ने उन्हें जो अहम जिम्मेदारी सौंपी है वो इसका निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा से करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्य अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए अपने पद प्रतिष्ठा का समाज के हित में उपयोग करेंगे। वहीं, समिति के सदस्य सरकार का हिस्सा हैं और किसी को अगर लगता है कि ऐसी सार्वजनिक समस्या है जिसका समाधान जरूरी है उसे जिला कष्ट निवारण समिति की आगामी बैठक में रखा जा सकता है।

---

## नगर निगम ने बाजारों से अतिक्रमण हटवाया

- विरोध होने पर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने को पांच दिन

**पानीपत।** नगर निगम ने मंगलवार को पानीपत शहर के व्यस्त बाजार सलारगंज गेट और इंसार बाजार दुकानदारों द्वारा सडक पर किए गए अतिक्रमण व छज्जों और अवैध तरीके से लगाए गए बोर्ड को हटवाया। निगम ने संजीवनी अस्पताल के गेट को भी ढहा दिया गया। जबकि साठ दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया।

वहीं दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाए जाने का विरोध किया और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। दुकानदारों के विरोध के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालात बेकाबू ना हो इसके मद्देनजर निगम प्रशासन ने मौके पर पुलिस को बुलवा लिया। पुलिस को आया देख दुकानदारों के तेवर ढीले पड गए।

दूसरी ओर, दुकानदारों ने निगम प्रशासन से पांच दिन का समय मांगा और आश्वासन दिया कि वे खुद ही अपने छज्जे, थड़े और बाकी अतिक्रमण हटा लेंगे। निगम प्रशासन ने दुकानदारों की बात मान ली और उन्हें अवैध कब्जे हटाने के लिए पांच दिन का समय दिया।

---

डॉक्टर्स डे पर वरिष्ठ डॉक्टरों को सम्मानित किया गया

## धरती पर भगवान का रूप है डॉक्टर: भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। द किडनी हॉस्पिटल ने डॉक्टर्स डे में केस काटते हुए चिकित्सकगण।

द किडनी हॉस्पिटल ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक्सिस बैंक के सहयोग से समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों को सम्मानित किया गया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन डॉक्टरों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को दर्शाने का अवसर था। वहीं, डॉ. भूपेंद्र कादयान, डॉ. मनीषा मान कादयान, डॉ. संदीप खसा, डॉ. शंकर तायल और अस्पताल के समस्त डॉक्टरों ने इस समारोह में भाग लिया। समारोह के दौरान केक काटा गया, स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और डॉक्टरों ने सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बनाया। यह आयोजन वास्तव में एक अविस्मरणीय अनुभव था। हमें अपने डॉक्टरों पर गर्व है जो अपनी निष्ठा और समर्पण से मरीजों की सेवा करते हैं। अस्पताल की मुख संचालिका डॉ. दीप्ति जैन ने कहा कि हमें अपने डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर मिला है, जो अपने काम में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। यह आयोजन हमारे डॉक्टरों के प्रति हमारी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**संजय ढींगडा पुत्र स्वः श्याम सुन्दर ढींगडा पुत्र स्व. श्री राजा राम ढींगडा निवासी मकान नं0 127, वार्ड नं0-10, तहसील व जिला पानीपत व आदि**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के मध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि संजय ढींगड़ा पुत्र स्वः श्याम सुन्दर ढींगड़ा पुत्र स्व. श्री राजा राम ढींगड़ा निवासी मकान नं0 127, वार्ड नं0-10, तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व० श्री गोपी चन्द पुत्र श्री राजा राम ढींगड़ा की मृत्यु दिनांक 13.02.2019 को हो चुकी है। मृतक स्व० श्री गोपी चन्द पुत्र श्री राजा राम ढींगड़ा के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैः- 1. लक्ष्मी देवी (पत्नी) 2. नरेश ढींगड़ा (पुत्र) 3. नीरज ढींगड़ा (पुत्र) 4. अशोक ढींगड़ा (पुत्र) इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। मृतक की माता राम देवी का अरसा पहले देहान्त हो गया है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्री गोपी चन्द पुत्र श्री राजा राम ढींगड़ा का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री गोपी चन्द पुत्र श्री राजा राम ढींगड़ा के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

